निदेशालय
स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना

पत्रांक –. ...... /नि0प्र0(प्रशासन) को0......... ....

प्रेषक,

डा0 प्रणय राज शरण सिन्हा,
निदेशक प्रमुख (प्रशासन)
स्वास्थ्य सेवाए, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनाक–

विषय :– सदर अस्पताल में शल्य चिकित्सा की सुविधा के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार बिहार सरकार द्वारा सभी जिला अस्पताल/अनुमडलीय अस्पताल एव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आधारभूत सरचना एव मानव बल की व्यवस्था लगातार बढायी गई है। विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलो मे सदर अस्पतालो मे शल्य चिकित्सा की सुविधाओ को देखते हुये उनकी सख्या एवं सुधार मे बढोत्तरी की जाय, ताकि आम जनता तक इसका लाभ पहुँच सके। इस क्रम मे यह भी उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण जिला को एक चिकित्सा ईकाई के रूप मे माने जाने पर विभिन्न चिकित्सकीय सस्थानो की चिकित्सकीय सुविधाओं का बेहतर उपयोग सभव है। पहले चरण मे सदर अस्पतालो का सुदृढीकरण किया जा रहा है, जिसके तहत इन अस्पतालों मे 24X7 Emergency, SNCU, ICU, ट्रायज की सुविधा बेहतर की जानी है। इसी क्रम मे विभाग द्वारा निम्नाकित बुनियादी शल्य क्रियाओ को चिन्हित किया गया है, जिसे सभी जिलो के सदर अस्पतालो मे असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा समीक्षा कर क्रमबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा। साथ ही यह भी आवश्यक है कि आयुष्मान योजनाओ से अच्छादित मरीजो को आयुष्मान भारत योजना के अतर्गत सदर अस्पतालो मे ईलाज की व्यवस्था हो, ताकि मरीजो को यथोचित लाभ हो सके। इन सभी प्रयासो से रेफर किये जाने वाले मरीजो की सख्या कम की जा सकती है।

विषयवार चिन्हित किए गए शल्य–क्रियाओं की सूची जिसे सभी सदर अस्पतालो मे सुनिश्चित किया जाना है :–

(A) General Surgery

1.Excision of Cyst, **2.**Hydrocele, **3.**Hernia, **4.**Appendix, **5.**Fistula, **6.**Fissure, **7.**Circumcision and Other Penile Surgeries, **8.**Breast Swelling, **9.**Intestinal Obstruction, **10.**Intestinal Perforation, **11.**Cholecystectomy, **12.**Tongue Tie, **13.**Non Scalpel Vasectomy, **14.**Skin Grafting, **15.**Wound Debridement

(B) Orthopaedic

1.Interlocking Nail Tibia, 2.Interlocking Nail Femur, 3.Plating Humerus, 4.Plating Tibia, 5.Plating Femur, 6.Nailing and Plating Radius-Ulna, 7.TENS Nail Application, 8.Hemireplacement Fracture Neck Femur, 9. PFN Trochanteric Fracture, 10.External Fixation, 11.Closed Reduction and Plaster, 12.Management of Osteomyelitis, 13.Hand Injuries, 14.CTEV, 15.Fasciotomy, 16. Amputation

(C) Obstetrics And Gyanaecology

1.Lower Segment Caesarean Section, 2.Lower Segment Caesarean Section with Complications, 3.Total Hysterectomy, 4.Sub Total Hysterectomy, 5.Rupture Uterus, 6.Ectopic Pregnancy, 7.Medical Termination of Pregnancy, 8.Bilateral Tube Ligation, 9.Dilatation and Curettage, 10.Episiotomy, 11.Perineal Repair, 12.Vaginal Hysterectomy, 13.Post Partum Sterilization, 14 Removal of Ovarian Cyst.

(D) Eye

1.Small Incision Cataract Surgery, 2.Phacoemulsification, 3.Trabeculectomy, 4.Dacryocystorhinostomy 5.Pterygium Excision, 6.Chalazion Excision, 7.Entropion, 8.Ectropion, 9.Traumatic Eyelid Repair, 10.Blepharoplasty

(E) ENT

1.Ear Lobuloplasty, 2.Excision of Cyst, 3.Mastoidectomy, 4.CSOM, 5.Tympanoplasty, 6.Sinus Surgeries, 7.Laryngeal Procedures, 8.Removal of Foreign Body, 9.Nasal Deformity, 10.Tonsillectomy, 11. Tracheostomy

(F) Dental Surgery

1.Tooth Extraction, 2.Teeth Cleaning (Oral Prophylaxis), 3.Tooth Filling, 4.Root Canal Treatment, 5.Kids Dental Treatment, 6.Excision of Cyst, 7.Interdental Wiring, 8.Oral Cancer Screening, 9.Management of Dental Injuries, 10.Tooth Anomalies

यह सूची एक मार्गदर्शन के रूप मे प्रेषित की जा रही है तथा जनहित मे उक्त बुनियादी शल्य क्रियाओ से अतिरिक्त उच्चस्तरीय सुविधाए दी जा सकती है।

पुनः सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियो को निदेशित है कि इंस सूची को अस्पताल के बाहर Board पर Display करेगे और अपने अतर्गत कार्यरत Asha Worker/Mamta Worker एव अन्य कर्मचारियो द्वारा प्रचारित/प्रसारित करेगे।

इस कार्य की प्रगति की समीक्षा एव अनुश्रवण राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा की जायेगी तथा इसका समेकित पाक्षिक प्रगति प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा।

विश्वासभाजन

ह0/–
(डा0 प्रणय राज शरण सिन्हा)
निदेशक प्रमुख (प्रशासन)
स्वास्थ्य सेवाए, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 118/ नि.प्र.प्रशा /पटना, दिनांक–14/09/2026

प्रतिलिपि–कार्यकारी निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–सभी जिलाधिकारी/प्रमडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सभी अनुमडलीय अस्पताल/सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–माननीय मत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

14/9/26
निदेशक प्रमुख (प्रशासन)।